आदेश

भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा दिनांक 06 जुलाई, 2023 को प्रातः 10:00 बजे जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार दिनॉक 06 जुलाई, 2023 से 10 जुलाई 2023 तक जनपद नैनीताल में **कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा** होने की सम्भावना व्यक्त की गई हैं। साथ ही वर्तमान में जनपद के समस्त क्षेत्रों (पर्वतीय एवं मैदानी) में मध्यम से भारी वर्षा हो रही है जिसके फलस्वरूप नदियों/नालों/गधेरों में तेज जल प्रवाह आने की सम्भावना है। ततक्रम में छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर **दिनांक 07 जुलाई, 2023 (शुक्रवार)** को जनपद के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं) एवं समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में **01 दिवसीय अवकाश** घोषित किये जाने के आदेश पारित किये जाते हैं।

अतः मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी को देखते हुए **दिनांक 07 जुलाई, 2023 (शुक्रवार)** को जनपद नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालय (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाएं) एवं समस्त आगनवाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे तथा प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक, समस्त शैक्षणिक एवं मिनिस्ट्रियल/अन्य कार्मिक निर्धारित समयानुसार अपने–अपने विद्यालयों/कार्यालयों में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

विचलन की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

ह0–
(वन्दना)
जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
नैनीताल।